# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–10.09.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- झारखंड भाजपा के चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा का दावा– कांग्रेस–झामुमो के एक दर्जन से ज्यादा विधायक हमारे संपर्क में।
- जीएसटी परिषद की बैठक में कैंसर की दवाओं पर कर घटाकर पांच प्रतिशत और नमकीन पर 12 प्रतिशत किया गया, इंश्योरेंस प्रीमियम पर भी घटेगी जीएसटी।
- जेपीएससी अध्यक्ष की नियुक्ति में देरी पर झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से मांगा जवाब।
- रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में तेज हवा के साथ हो रही है बारिश, मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों तक भारी बारिश का औरेंज अलर्ट किया जारी।
- झारखंड की अमीषा ने एशियन जूनियर बॉक्सिंग चौंपियनशिप में जीता रजद पदक।

*******************

असम के मुख्यमंत्री और झारखंड भाजपा के चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने दावा किया है कि कांग्रेस और झामुमो के 12 से 14 विधायक उनके संपर्क में हैं लेकिन सबको भाजपा में नहीं लिया जा सकता। रांची में पत्रकारों से बातचीत में श्री सरमा ने कहा कि झारखंड भाजपा के नेता उनकी प्राथमिकता में है। इसलिए दूसरे दल के लोगों से संपर्क होने के बाद भी उन्हें अपनी पार्टी में नहीं ला रहे हैं।
दो दिवसीय दौरे पर रांची पहुंचे श्री सरमा ने ओरमांझी और रामपुर में उत्पाद सिपाही बहाली के दौरान मृत अभ्यार्थियों के परिजनों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने राज्य सरकार पर संवेदनहीन होने का आरोप लगाया।

*******************

इस बीच कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने दावा किया है कि गठबंधन के सभी विधायक एकजुट हैं और आने वाले विधानसभा चुनाव में फिर कांग्रेस–झामुमो गठबंधन को पूर्ण बहुमत मिलने जा रहा है। सरायकेला–खरसांवा जिले में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने यह भी कहा कि सीट शेयरिंग पर गठबंधन के घटक दलों के साथ बैठक कर जल्द ही निर्णय ले लिया जायेगा।

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 15 सितंबर को जमशेदपुर आमगन को लेकर तैयारियां तेज कर दी गयी है। इस बीच पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर पूरे कोल्हान क्षेत्र के गजब का उत्साह देखा जा रहा है। श्री सोरेन सरायकेला जिले के गम्हरिया में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

*******************

राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य डॉ आशा लकड़ा ने हजारीबाग जिले में संचालित जनजातीय छात्रावासों का निरीक्षण किया। बाद में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि छात्रावासों में विद्यार्थियों को मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल रही है। राज्य सरकार को इस पर ध्यान देना चाहिए।

*******************

वस्तु और सेवा कर–जीएसटी परिषद ने कैंसर की दवाओं पर जीएसटी की दर 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दी है। चुनिंदा नमकीन पर जीएसटी 18 फीसदी से घटाकर 12 फीसदी किया गया। नई दिल्ली में वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन की अध्यक्षता में परिषद की बैठक में ये निर्णय लिये गये। श्रीमती सीतारामन ने कहा कि कैंसर की दवाओं पर जीएसटी दर कम करने के निर्णय का उद्देश्य कैंसर के उपचार की लागत कम करना है। वित्त मंत्री ने यह भी कहा कि परिषद ने जीवन और स्वास्थ्य बीमा पर कर की दर कम करने पर विचार करने के लिए मंत्रियों का एक समूह गठित करने का फैसला किया है।

*******************

झारखंड हाईकोर्ट ने झारखंड लोक सेवा आयोग–जेपीएससी काअध्यक्ष पद रिक्त रहने पर नाराजगी जतायी है। प्रार्थी श्वेता त्रिपाठी की याचिका पर सुनवाई करते हुए अदालत ने जेपीएससी नियुक्ति में देरी पर राज्य सरकार से जवाब मांगा है। सरकार को आज ही जवाब दाखिल करने को कहा गया है। गौरतलब है कि 22 अगस्त से ही जेपीएससी अध्यक्ष का पद खाली है।

*******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

*******************

चतरा जिले में पुलिस अपहरण और हत्या के मामले में आठ अपराधियों को गिरफ्तार किया है। जिले के पुलिस अधीक्षक विकास पांडेय ने बताया कि इन अपराधियों की टंडवा निवासी युवक आकाश की हत्या में संलिप्तता रही है।

*******************

हजारीबाग के चरही थाना क्षेत्र के यूपी मोड़ के निकट सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गयी। सभी एक चारपहिया वाहन पर सवार होकर हजारीबाग से पेटरवार अपने घर जा रहे थे।

*******************

मौसम विभाग ने रांची समेत राज्य के अधिकतर हिस्सों में आज से तीन दिनों तक भारी बारिश होने की संभावना जतायी है। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची ने इसे लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने बारिश के साथ ही वज्रपात की भी चेतावनी जारी की है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया की बंगाल की खाड़ी में गहरा निम्न दवाबा का क्षेत्र आठ किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से बढ़ रहा है। इसी का असर झारखंड पर दिखायी पड़ रहा है। रांची और आसपास के क्षेत्रों में कल रात से ही रुक–रुक कर बारिश हो रही है।

*******************

अंतर्राष्ट्रीय तीरंदाज असरीता केरकेट्टा ने खूंटी स्थित नेताजी सुभाषचन्द्र बोस आवासीय विद्यालय में बच्चों को खेल के प्रति प्रोत्साहित किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सफलता का रास्ता कभी भी आसान नहीं होता, लेकिन अगर मेहनत की जाये तो सफलता कदम चूमती है।

*******************

अबुधाबी में आयोजित एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में झारखंड की सिमडेगा निवासी अमिषा केरकेट्टा ने रजत पदक जीता है। 54 किलो भार वर्ग के फाइनल में उनका मुकाबला तजाकिस्तान की बॉक्सर से हुआ।

*******************

अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने झारखंड भाजपा के चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा के रांची पहुंचने की खबर को प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया है।

दैनिक भास्कर ने हिमंता बिस्वा सरमा के हवाले से लिखा है– कांग्रेस के 12–14 व झामुमो के 2–3 विधायक संपर्क में।

प्रभात खबर ने लिखा है– इंश्योरेंस प्रीमियम पर घटेगी जीएसटी की दर, अब कैंसर की दवाएं होंगी सस्ती।
हिन्दुस्तान ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के हवाले से लिखा है– भाजपा बताये, क्यों नहीं दिया सरना कोड।
दैनिक जागरण की सुर्खी है– हिमंत का बड़ा दावा– कांग्रेस–झामुमो के कई विधायक संपर्क में।
अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया और हिन्दुस्तान टाइम्स ने कोलकाता में महिलाा डाक्टर से दुष्कर्म और हत्या के मामले में सुप्रीम कोर्ट के उस आदेश को सुर्खी बनायी है, जिसमें सीबीआई को ताजा जांच रिपोर्ट सौंपने को कहा गया है।

**************